दिनांक : 19 .02.2025 **समय : 07.10**

मुख्य समाचार :–

- केन्द्रीय मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में भोपाल में 25 फरवरी को दुग्ध संघों और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के बीच होगा अनुबंध।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उमरिया जिले में कई विकास कार्यो की दी सौगात।
- आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस को बढ़ावा देने के लिए भोपाल में आज हुआ विचार मंथन।
- शिवानी जयंती के अवसर प्रदेश में कई कार्यक्रमों का हुआ आयोजन।

मुख्यमंत्री सांची

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में भोपाल में 25 फरवरी को एमपी स्टेट को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड और संबद्ध दुग्ध संघों और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के मध्य सहकार्यता अनुबंध किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस अनुबंध की अवधि 5 वर्ष होगी, इसके तहत ग्राम पंचायतों में कलेक्शन सेन्टर स्थापित किए जाएंगे, दुग्ध संघों की प्रोसेसिंग क्षमता में वृद्धि की जायेगी और दुग्ध समितियों की संख्या 6 हजार से बढ़ाकर 9 हजार किया जाएगा। दुग्ध संकलन भी 10.50 लाख से बढ़ाकर 20 लाख किलोग्राम प्रतिदिन किया जाएगा। दुग्ध उत्पादकों की वार्षिक आय 1700 करोड़ रूपये से दोगुना कर 3500 करोड़ रूपये किये जाने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सांची ब्रांड को और मजबूत किया जाएगा। इसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाकर राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित किया जायेगा। ब्रांड के नाम में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा।

नक्सल मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नक्सलियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान में बालाघाट में मिली सफलता के लिए पुलिस को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2026 तक देश से नक्सलवाद को समाप्त करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है और प्रदेश सरकार भी इस दिशा में गंभीरता से कार्य कर रही है। आज बालाघाट में तीन महिला नक्सलियों को मारा गया है, जिनसे हथियार भी बरामद हुए है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में नक्सलवाद और हिंसक गतिविधियों के लिए कोई स्थान नहीं है।

मुख्यमंत्री दौरा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज उमरिया जिले के नौरोजाबाद में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण किया। साथ ही सिंगल क्लिक के माध्यम से 101.78 करोड़ रुपए की लागत के 55 निर्माण कार्यों का लोकार्पण और 64.03 करोड़ रुपयों की लागत के 36 निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। कार्यक्रम में विभिन्न शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ वितरित कर शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने अपने एक वर्ष के कार्यकाल में सेवा, सुशासन एवं जनकल्याण के संकल्प से प्रदेश के विकास को गति देने का प्रयास किया है और सरकार मध्यप्रदेश के चहुंमुखी विकास के लिए निरंतर कार्यरत है।

सिंचाई सुविधा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में सिंचाई के रकबे को वर्ष 2028-29 तक एक करोड़ हेक्टेयर तक करने का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थ - 2028 में श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या ओंकारेश्वर दर्शन के लिए भी जाएगी। अत: ओंकारेश्वर में नर्मदा नदी के दोनों तटों पर घाट निर्मित किए जाएं। मुख्यमंत्री ने यह निर्देश आज भोपाल में नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण की बैठक में दिए। मुख्यमंत्री निवास में आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, मुख्य सचिव अनुराग जैन सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कई सिंचाई परियोजना की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में ओंकारेश्वर और नावघाट-खेड़ी जिला खण्डवा में नर्मदा नदी के दोनों तटों पर घाट निर्माण और इंदिरा सागर ओंकारेश्वर पम्प स्टोरेज परियोजना पर भी चर्चा हुई।

विचार मंथन

भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान आईसर भोपाल में आज विचार मंथन सत्र का आयोजन किया गया। कृषि, स्वास्थ्य सेवा सेमीकंडक्टर एवं क्वांटम प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को बढ़ावा देने के लिए मध्य प्रदेश में स्थित केंद्रीय एवं राज्य सरकार के शैक्षणिक संस्थाओं के 70 प्रतिनिधियों ने इस विचार मंथन सत्र में हिस्सा लिया। उद्घाटन सत्र के बाद तीन अलग-अलग पैनल में चर्चाओं का आयोजन किया गया। इन पैनल में भोपाल को शैक्षणिक ज्ञान और नवाचार का हब बनाने तथा भोपाल में विश्व स्तर के कन्वेंशन सेंटर की स्थापना को लेकर चर्चा की गई। इस अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा में विज्ञान है। सभी संस्थान ज्ञान परम्परा को लेकर वैज्ञानिक दृष्टिकोण से

काम करे तो विश्व इन साक्ष्यों को मानने लगेगा। उन्होंने कहा कि सभी के विचारों को लेकर सरकार आगे बढ़ेगी।

महाकुंभ

उत्तरप्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेले में लाखों श्रद्धालुओं का आना जारी है, महाकुंभ में अब तक 57 करोड़ के करीब श्रद्धालु पवित्र जल में डुबकी लगा चुके हैं। इस आयोजन के मुख्य आकर्षणों में संगम के पास प्रतिष्ठित बड़े हनुमान मंदिर भी शामिल है। इस बीच उत्तरप्रदेश सरकार और महाकुंभ मेला प्राधिकरण ने ऐसी अफवाहों को खारिज कर दिया है जिनमें दावा किया जा रहा है कि प्रयागराज में महाकुंभ मेले को 26 फरवरी से आगे बढ़ा दिया गया है। प्रयागराज के जिला मजिस्ट्रेट रवींद्र मॉदड ने स्पष्ट किया कि मेला 26 फरवरी तक रहेगा।

शिवाजी जंयती

छत्रपति शिवाजी महाराज की 395 वी जंयती पर आज कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शिवाजी महाराज ने मातृभूमि के सम्मान के साथ कभी समझौता नहीं किया। सच्चे अर्थों में शिवाजी महाराज ने भारत में धर्म, राष्ट्रीयता, न्याय और जनकल्याण के स्तम्भों के आधार पर सुशासन की स्थापना की थी। देवास जिले में श्री छत्रपति शिवाजी महाराज की पूजन आरती की गई, तत्पश्चात प्रभात फेरी महात्मा गांधी मार्ग से शिवाजी उद्यान, भोपाल चौराहा तक निकाली गई। इसके अलावा गुना esa Hkh विशाल शोभायात्रा निकाली गई।

मौसम

प्रदेश में तापमान धीरे धीरे बढ़ने लगा है। मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ और साइक्लोनिक सर्कुलेशन की वजह से मौसम का बदल गया है। कल ग्वालियर-चंबल में हल्की बारिश हुई, जबकि भोपाल, इंदौर-उज्जैन में गर्मी का असर देखने को मिला। आज भोपाल, इंदौर, उज्जैन-जबलपुर में मौसम साफ है। मौसम विभाग के अनुसार 20 फरवरी को दिन-रात के तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। जबकि 21 फरवरी को पूर्वी हिस्से में यानी, सीधी, सिंगरौली, शहडोल, सिवनी, मंडला और बालाघाट में हल्की बारिश हो सकती है। इस बीच प्रदेश में कल सर्वाधिक तापमान 33.9 डिग्री सैल्सियस बड़वानी जिले के तालुन में दर्ज किया गया। वहीं सबसे कम तापमान पचमढ़ी में 7.9 डिग्री रहा। प्रदेश के ज्यादातर शहरों

में दिन का तापमान 30 डिग्री के पार ही रहा। भोपाल में 32.2 डिग्री, इंदौर में 31.5 डिग्री, उज्जैन में 32 डिग्री और जबलपुर में दर्ज किया गया

समाचार संक्षेप में...

- मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने आज उज्जैनमें सिहस्थ 2028 के सफल आयोजन हेतु आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के उपयोग के संबंध में बैठक कर आवश्यक दिशानिर्देश दिये।
- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण-एनएचएआई ने आज फास्टैग नियमों में बदलाव के कारण लेन-देन में कमी आने के दावों का खंडन किया। एनएचएआई ने एक बयान में कहा कि 28 जनवरी को भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम द्वारा जारी परिपत्र का फास्टैग ग्राहक अनुभव पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है
- राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि विभिन्न राज्यों के राज्य निर्वाचन आयुक्तों की 31वीं वार्षिक कॉन्फ्रेंस पेंच, जिला सिवनी में एक से 4 मार्च तक आयोजित की जायेगी। इसमें 22 राज्यों के राज्य निर्वाचन आयुक्त शामिल होंगे।
- खण्डवा जिले में टी.बी. मुक्त भारत अभियान अंतर्गत चलाये जा रहे 100 दिवसीय निक्षय शिविर अभियान के तहत विकासखण्ड पंधाना के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सिंगोट में चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्रेया अवस्थी ने निक्षय मित्र बनकर टी.बी. के मरीजों को फूड बास्केट nh।
- रायसेन कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा और पुलिस अधीक्षक पंकज पाण्डे ने 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर आयोजित होने वाले प्रसिद्ध सोमेश्वर मेले के संबंध में अधिकारियों को विस्तृत दिशा–निर्देश दिए।
- अशोकनगर जिले में 25 मार्च तक फॉर्मर रजिस्ट्री की जाएंगी। जिले में अब तक 79 हजार 439 हितग्राहियों की फार्मर रजिस्ट्री बनाई जा चुकी है।
- कटनी में मुख्यमंत्री कन्या विवाह निकाह योजना के तहत कल निगम कार्यालय परिसर में सुबह 11 बजे सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन होगा।
- आईसीसी चैंपियन्स ट्राफी क्रिकेट टूर्नामेंट का पहला मैच आज कराची में पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच खेला जा jgk gSA भारतीय टीम कल दुबई में बांग्लादेश के साथ अपना अभियान शुरू करेगी।